प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में आज होगी सुनवाई, रांची सहित देश भर में चिकित्सकों का 8वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी।
- सरकार ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती 25 प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक के नेतृत्व में एक समिति अस्पताल सुरक्षा और सुविधाओं संबंधी पहलुओं पर गौर करेगी।
- सीबीआई का एनसीएल के पूर्व सीएमडी के रांची स्थित आवास सहित छह ठिकानों पर छापा, पौने चार करोड़ रुपये जब्त।
- झारखंड हाईकोर्ट ने नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा एसओपी नहीं बनाने पर जताई नाराजगी, कहा राज्य सरकार बने संवेदनशील।
- रांची, पलामू, गढ़वा, चतरा सहित राज्य के 9 जिलों में आज और कल भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने वज्रपात को लेकर जारी की चेतावनी।

*********************

कोलकाता में हाल ही में हुए रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई आज सर्वोच्च न्यायालय में होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत संज्ञान लिया है। पश्चिम बंगाल के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना में पूरे देश को झकझोर दिया और चिकित्सक समुदाय को संकट में डाल दिया। कलकत्ता उच्च  न्यायालय में इस मामले की सुनवाई पहले से ही हो रही है। उच्च न्यायालय ने मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का आदेश दिया था। पीडित महिला के माता–पिता और कुछ अन्य लोगों ने पुलिस की जांच से अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उच्च  न्याायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने भी पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की।

*********************

सरकार ने केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में सुरक्षा तैनाती में 25 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के अलावा सरकारी अस्पतालों की व्यक्तिगत मांगों के आधार पर मार्शलों की तैनाती को भी मंजूरी दी जाएगी। कोलकाता की घटना के बाद केंद्रीय कानून की मांग को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में रेजिडेंट डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और केरल सहित छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित किए हैं।

*********************

रांची के रिम्स में आज 8वें दिन भी डॉक्टरों की हड़ताल जारी है। ओपीडी नहीं चलने से हर दिन काफी संख्या में मरीज बिना इलाज कराए वापस जा रहे हैं। वहीं पिछले सात दिनों में चार सौ से अधिक भर्ती मरीजों ने रिम्स छोड़ दिया है।

*********************

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री और झामुमो नेता चम्पाई सोरेन के दिल्ली में पिछले दो दिनों से रहने के बाद राजधानी रांची में राजनीतिक सरगर्मी तेज है। सूत्रों के अनुसार चंपाई सोरेन भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। उनकी बातचीत भाजपा के साथ चल रही है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा चंपाई सोरेन के अगले कदम का इंतजार कर रही है। चंपाई के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद ही झामुमो आगे की कार्रवाई करेगा।

*********************

केन्द्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआई ने एनसीएल में हुए भ्रष्टाचार मामले में पूर्व सीएमडी भोला सिंह के रांची स्थित आवास सहित छह ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने एक ठिकाने से तीन करोड़ पच्चासी लाख रुपये जब्त किए। वहीं सीबीआई ने छह लोगों को गिरफ्तार भी किया है। कोर्ट ने आगे की पूछताछ के लिए उन्हें 24 अगस्त तक के लिए रिमांड पर दिया है।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले में इस साल जानवरों के काटने के मामले बढ़े है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने नशे के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सुजित नारायण प्रसाद और अरूण कुमार राय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से कहा कि राज्य सरकार नशे के कारोबार को रोकने के प्रति संवेदनशील बने। हाईकोर्ट ने मामले में पुलिस द्वारा स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर– एसओपी दाखिल नहीं करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि मादक पदार्थो की खरीद बिक्री का विषय गंभीर है। इन विषयों पर राज्य सरकार को शीघ्र जवाब दाखिल करना चाहिए था।

*********************

राज्य में 25 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस– पल्स पोलियो अभियान के तहत सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। रांची में पचास हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। रांची जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी बूथों पर पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके अलावा सभी वार्ड और जिले के प्रखण्डों में डोर टू डोर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जाने वाले पैरालिंपिक खिलाडियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने देश के शीर्ष पैरालिंपिक खिलाडियों को शुभकामनाएं दीं।

श्री मोदी ने खिलाडियों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने पैरालिंपिक में कई कीर्तिमान हासिल किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ–साथ खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

*********************

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के नौ जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची , पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा सहित कई जिलों में भारी बारिश होगी। मौसम वैज्ञानिक ने वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान धनबाद जिले में 100 मिली मीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई है। वहीं रांची में 16 दशमलव आठ मिली मीटर बारिश हुई है।

*********************

अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के दिल्ली में रहने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है दिल्ली में जमे चंपाई सोरेन, भाजपा नेताओं के संपर्क में, झामुमो को अगले कदम का इंतजार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है डैमेज कंट्रोल में जुटा झामुमो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खुद संभाली कमान।

अस्पतालों की सुरक्षा होगी सख्त, केन्द्रीय चिकित्सालयों में 25 प्रतिशत सुरक्षा बढ़ाने की मंजूरी इसे हिन्दुस्तान ने सुर्खी बनाई है।

दैनिक जागरण लिखता है रक्षा बंधन पर हेमंत सोरेन का संदेश आधी आबादी को दिया सम्मान और अधिकार।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी कोलकाता में हुए चिकित्सक की हत्या के बाद वहां हो रहे प्रदर्शन की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है।

*********************